माननीय उच्चन्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ-इन्दौर
मूल-क्षेत्राधिकार
कंपनी अधिनियम 1956 एवं कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत एवं
मैसर्स धार सीमेन्ट लिमिटेड (परिसमापन-में) के अंतर्गत
कंपनी पिटीशन क्र. 17/2002
ई-नीलामी विक्रय सूचना

माननीय उच्चन्यायालय, मध्यप्रदेश खंडपीठ-इंदौर के आदेश दिनांक 23/06/2017 के आदेशानुसार निम्नलिखित परिसंपत्तियों/ संपत्तियों की ई-नीलामी हेतु **''जहां है जैसी है और जो कुछ भी है''** (**AS IS WHERE IS AND WHATSOEVER THERE IS BASIS**) के आधार पर इच्छुक/संभावित क्रेताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. लॉट संख्या -02 (सिविल स्ट्रक्चर, भवन एवं खनन सामग्री) - पॉवर हाउस, जीप्सम शेड, कोल स्टोरेज शेड, सीमेन्ट मिल शेड, नया मिल शेड, बकेट एलिवेटर, रॉ मिल शेड, प्रि-केल्सीनेशन स्ट्रक्चर, प्रि-हिटर स्ट्रक्चर, सीसीआर भवन, कोल मिल शेड, स्टॉक पाईल शेड, एल-शेप आरसीसी स्ट्रक्चर, इलेक्ट्रीक्स स्ट्रक्चर, इलेक्ट्रीक्स रुम शेड, डीजी सेट रुम, ऑफिस, पम्प हाउस, एडमिन ऑफिस, पेनल रुम, एमसीसी रुम फॉर ईएसपी, आरसीसी सिलो, आरसीसी सिलो 200' उंचाई, बाउंड्री वॉल, पेकिंग युनिट, डब्ल्युबी आरसीसी केबिन - संख्या 2, तोल काटा - संख्या 2, स्टोर रुम, टाईम ऑफिस, वर्कर्स क्वाटर्स, बंगले 5, क्वाटर्स, वर्कर्स क्वाटर्स, बोल्डर्स-400 (ट्रक लोड), स्टोन डस्ट-200 (ट्रक लोड), कोल डस्ट-2 (ट्रक लोड) इत्यादि।

आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का विवरण निम्नानुसार है :-

लॉट संख्या	लॉट का विवरण	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि (ई.एम.डी.)
लॉट संख्या 2	सिविल स्ट्रक्चर, भवन एवं खनन सामग्री जो स्थित है, ग्राम-करनोदिया, पोस्ट-जीराबाद, तेहसील-गंधवानी, जिला धार (म.प्र.)	रु. 77.88 लाख	रु. 8.00 लाख

नोट:

01. उपरोक्त संपत्तियों का निरिक्षण दिनांक 01/07/2017 **को प्रात: 11 बजे से दोपहर** 3.00 **बजे तक** किया जा सकेगा। इच्छुक खरीददार अपना ऑनलाईन प्रस्ताव वेबसाईट **https://olmp.auctiontiger.net** के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।
02. इच्छुक खरीददार धरोहर राशि **(ब्याज रहित) नेफ्ट/आरटीजीएस के द्वारा कार्यालय** शासकीय समापक के **चालू खाता क्रमांक 0212002100247959, पंजाब नेशनल बैंक, सीतलामाता बाजार शाखा, इन्दौर - कोड संख्या 021200, आर.टी.जी.एस/ नेफ्ट/ आई.एफ.एस. कोड PUNB0021200** में जमा की जानी चाहिये। ऑनलाईन प्रस्ताव मय धरोहर राशि के जमा करने की अंतिम तिथि **10/07/2017 को दोपहर 3.00 बजे तक** है।
03. ई-नीलामी का संचालन दिनांक **12/07/2017 को दोपहर 1.00 बजे से 3.00 बजे तक** वेबसाईट **https://olmp.auctiontiger.net** के माध्यम से किया जायेगा। यदि प्रस्ताव ई-नीलामी के समाप्ति के आखिरी मिनिट में आता है तो स्वयं ही समय में 10 मिनिट की वृद्धी होती जायेगी।
04. ई-विक्रय की स्वीकृति माननीय उच्चन्यायालय म.प्र. खण्डपीठ इंदौर की पुष्टि के पश्चात ही मान्य होगी।
05. इस ई-विक्रय सूचना को सुरक्षित लेनदारों /असुरक्षित लेनदारों/ हिस्सेदारों/केन्द्रीय एवं राज्य सरकार अधिकारों/ निकायों एवं अन्य सभी पार्टिया जिनका कंपनी (परिसमापन-में) के संबंध में हित है, के लिये इस विक्रय सूचना को एक सूचना की तरह लिया जाय।
06. भावी क्रेता विज्ञापन की दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में इन्दौर स्थित परिसमापक के कार्यालय में आकर मूल्यांकन प्रतिवेदन, सूचियां तथा मूल्यांकन का विवरण आदि प्राप्त कर सकते है तथा यदि आवश्यक हो तो प्रस्तावित ई-नीलामी में सहभागिता से पूर्व राजस्व प्राधिकारियों से प्रत्यक्ष: संबंधित राजस्व अभिलेख/नक्शों से संपुष्टि कर सकते है।
07. कंपनी की प्लांट एवं मशीनरी पूर्व में विक्रय की जा चुकी है एवं कंपनी की भूमी वर्तमान विक्रय में सम्मिलीत नहीं है।
08. ई-नीलामी से संबंधित अन्य जानकारी मय बिक्री की नियम एवं शर्तो के साथ वेबसाईट **https://olmp.auctiontiger.net** पर उपलब्ध है।

हस्ते/- (एम.के. साहू)
शासकीय समापक
मध्यप्रदेश उच्चन्यायालय, इंदौर (म.प्र.)
प्रथम तल, ओल्ड सी.आय.ए. भवन,
जी.पी.ओ. के सामने, रेसीडेंसी क्षेत्र, इंदौर (म.प्र.)

दिनांक : 26/06/2017
स्थान : इंदौर
दूरभाष नं. : 0731-2710568, 2710051